राष्ट्रीय गणित दिवस प्रतिवेदन
रामानुजन जयंती
22/12/2021

आज दिनांक 22 दिसम्बर 2021 को राजकीय स्वामी आत्मानंद महा० विद्यालय नारायणपुर की गणित विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महान गणितज्ञ "रामानुजन" जी के जन्मदिवस के अवसर पर गणित दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ० एस० आर० कुंजाम एवं सदस्य के रूप में आर० के० यादव (विभागाध्यक्ष वाणिज्य), डॉ० सुमीत श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष रसायन), योगेन्द्र कुमार पटेल (विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र), डॉ० विजयलक्ष्मी गौर (विभागाध्यक्ष हिन्दी), एस० के० पटेल (लाइब्रेरियन) एवं अन्य सहायक प्राध्यापक गण मिनाक्षी ठाकुर, लोमश कुमार, नितेश सोनकर एवं चंद्रेश्वरी साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं रामानुजन जी की तस्वीर पर फूल माला अर्पण कर हुआ। कार्यक्रम की गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं गुलाल लगाकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री डॉ० एस० आर० कुंजाम द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया, उन्होंने कहा कि "दैनिक जीवन में गणित बहुत ही महत्वपूर्ण है, गणित के बिना हमारा जीवन अधूरा है।" इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहायक प्राध्यापक गणों ने बच्चों को संबोधित किया एवं गणित की जीवन में उपयोगिता

एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात गणित के अ०प्राध्यापक श्री लोमश कुमार साहू ने रामानुजन जी के जीवन एवं उनके संघर्षों को बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात ~~निबंध~~ भाषण प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ जिसमें बच्चों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं "दैनिक जीवन में गणित" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके पश्चात "क्विज प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने प्रश्नों का सही जवाब देकर इनाम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में भाषण प्रतियोगिता एवं गणित विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में कु० कुसुम जायसवाल ने प्रथम व कु० लतिका पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सेमिनार में कु० तहसीन प्रतिमा ने प्रथम, कु० नागेश्वरी बेलवरिया ने द्वितीय व कु० प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में कार्यक्रम का समापन गणित के प्राध्यापक श्री लोमश कुमार साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, सहायक प्राध्यापकों एवं बच्चों का धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।

विभागाध्यक्ष
लोमश कुमार
शास० आत्मानंद महाविद्या० नारायणपुर

डॉ० एस० आर० कुंजाम
(प्रभारी प्राचार्य)
शास० आत्मानंद महाविद्या० नारायणपुर

IBS
Day

IBS

National Mathematics Day
22 December 2021

National Mathematics Day
22 December 2021


National Mathematics Day

National Moat
22

मनुष्य कहा
सकता है।

USA
23

INTEGRATION FORMULAS
BASIC FORMULAE
JBS